

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### छोटे राज्यों में विधान परिषद का गठन धन की बर्बादीः महाराज

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री के उत्तराखंड में विधान परिषद की वकालत करने पर वरिष्ठ भाजपा नेता और कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि देशभर के छोटे राज्यों में विधान परिषद का कोई उदाहरण नहीं है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता के उत्तराखंड में विधान परिषद बनाए जाने के विषय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य में विधान परिषद का गठन औचित्यहीन और जनता के पैसे की बर्बादी है।

### काले किसान कानून की वापसी देर आये दुरुस्त आयेः धीरेंद्र प्रताप

**संवाददाता** देहरादून। केंद्रीय कैबिनेट द्वारा आज प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में तीनों किसान कानून वापस लिए जाने के फैसले का उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता और उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने जोरदार स्वागत किया है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा है कि देर आये दुरुस्त आये देर से ही सही सरकार ने ठीक फैसला लिया है। उन्होंने किसानों को इस अवसर पर बधाई देते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को भी बधाई दी है जिन्होंने बढ़–चढ़कर किसानों का साथ दिया।

### लेफ्टिनेंट ज्योति नैनवाल को दी शुभकामनाएं

**संवाददाता** देहरादून। देश रक्षा में पति की शहादत के बाद अब वीर नारी ने स्वयं अदम्य साहस के साथ देश रक्षा में घ्सीमा पर मोर्चा संभालने लगी है। अमर शहीद दीपक नैनवाल की पत्नी लेफ्टिनेंट ज्योति नैनवाल के निवास पर जाकर न्यू एरा चिल्ड्रन एकेडमी खैरी डोईवाला के प्रबंधक ममतोष गैरोला एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य आनन्द मणी भट्ट ने उन्हें सेना में कमीशन होने पर शुभकामनाएं दी। मई 2018 में शहीद दीपक नैनवाल ने मां भारती की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। वीरांगनाओं का जज्बा साहस और धैर्य वंदनीय है।

### सोहा अली खान ने बताया, उन्हें है विक्स वेपोरब पर भरोसा

**संवाददाता** देहरादून। नवंबर में आसमान हमेशा खूबसूरत होता है तरह–तरह के रंग आसपास के माहौल को इतना खूबसूरत बना देते हैं कि हमारी नजरें उससे बंधी रह जाती हैं। सब कुछ प्यारा होने के बावजूद इसी महीने में मौसम बदलने के कारण खांसी और जुकाम होना आम बात है। मॉनसून बीत चुका है और सर्दी शुरू हो गई है और इसका मतलब है कि हमारे शरीर को अतिरिक्त देखभाल की जरूरत है। यह भी जरूरी है कि हम अपनी सांस और फेफड़ों की सेहत एकदम दुरुस्त रखें।

# भाजपा ही ऐसी पार्टी जिसने अपने नीतियों से कभी समझौता नहीं किया

**सम्मेलन**

■ अगले 10 दिनों में सूबे की सभी सीटों पर पर्यवेक्षक उम्मदीवारों का करेंगे आकलनः कौशिक

**संवाददाता**

देहरादून। काशीपुर में बुधवार को आयोजित भाजपा प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी रही है जिसने अपने नीतियों से कभी भी समझौता नहीं किया है, यही कारण है कि सरकार ने कश्मीर में 370 हटाने से लेकर राममंदिर निर्माण के वादे को पूरा कर दिखा चुकी है। आने वाले विधानसभा चुनावों में हम भारी बहुमत से वापसी करेंगे।

कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने उम्मीदवारों की घोषणा को लेकर सवाल पर कहा कि अगले 10 दिनों 70 विध ाानसभाओं में पर्यवेक्षकों की टीम दौरा करेगी। प्रत्येक विधानसभा के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर आगामी दिनों में उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। काशीपुर में रामनगर रोड स्थित एक होटल में आयोजित चार विधानसभाओं रामनगर,बाजपुर, काशीपुर और जसपुर के भाजपा प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसने हमेशा अपने पार्टी से ऊपर देश को रखा है। जनसंघ के तौर पर पार्टी की शुरुआत करने के दौरान जो वैचारिक सोच रही थी आज उसी क्रम में हम आगे बढ़ रहे हैं।

हमने अपनी वैचारिक सोच कभी छोड़ी नहीं। कश्मीर की समस्या को लेकर किसी राजनीति पार्टी के पास कोई एजेंड नहीं रहा। धारा 370 को लेकर हमारा रुख बिल्कुल साफ था हमने जो कहा वो करके दिखाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी के सपनों को पूरा किया गया। आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने का सपना भी पूरा हो रहा है।

अपने राजनीति विरोधियों पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का हवाला देते हुए कहा कि 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय उन्होंने तत्कालिन पीएम स्व इंदिरा गांधी को दुर्गा बताकर राष्ट्रवाद का झंडा बुलंद किया था। लेकिन वर्तमान में आज विपक्षी पार्टियां सिंर्जकल स्ट्राइक का सबूत मांगती हैं। वैक्सीन मामले पर भी प्रदेश अध्यक्ष ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की सफलता भी विपक्षी दलों को रास नहीं आई।

वैक्सीन के खिलाफ देश में प्रोपोगेडा रचा, वैक्सीन के खिलाफ दुष्प्रचार भी किया। यह वहीं लोग हैं जो बाद में अपने परिवारों के साथ लाइन में खड़े होकर वैक्सीन लगवाते दिखे।

#### आप पार्टी का बिना नाम लिए बोला हमला

प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने आप पार्टी पर बिना नाम लिए हमला बोला। उन्होंने कहा कि दिल्ली में किए गए वादे तो पूरा नहीं कर पाए अब उत्तराखंड में वादा कर रहे हैं। प्रदेश में रोजगार की जरूरत है और यह पार्टी बेरोजगार पर पांच हजार देने का वादा कर रही है। बिजली के नाम पर भी इसने दिल्ली में लोगों को ठगा है और अब उत्तराखंड में सपने दिखा रही है। ऐसी पार्टियों से जनता पूरी तरह वाकिफ है। उन्होंने कहा कि रोजगार के मुददे को लेकर एक कांग्रेसी नेता ने उन्हें खुला चौलेंज किया था कि 3000 सरकारी नौकरी का सबूत दें तो वह राजनीति छोड़ देंगे। अब मीडिया को पूछना चाहिए कि वह राजनीतिक सन्यास लेंगे या नहीं।

### भंडारागार निगम कार्मिकों की मांगों को लेकर सीएम से मिले

विकासनगर। जनसंघर्ष मोर्चा प्रतिनिधिमंडल ने उत्तराखंड राज्य भंडारागार निगम के कार्मिकों को सातवें वेतनमान का लाभ और पदोन्नति मामले को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। मोर्चा अध्यक्ष व जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने आउट सोर्स से होने वाली नियुक्तियों में सेवायोजन प्रमाण पत्र अनिवार्य करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए।
मोर्चा अध्यक्ष नेगी ने कहा कि निगम प्रबंधन और शासन की अनदेखी के चलते आज तक कार्मिकों को सातवें वेतनमान का लाभ नहीं मिल पाया। प्रदेश में अधिकांश विभागों के कार्मिकों को सातवें वेतनमान का लाभ मिल चुका है, लेकिन राज्य भंडारागार निगम कार्मिकों के मामले में अब तक सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है। भंडारागार निगम के लाभ की स्थिति में होने के बावजूद कार्मिकों को उनका हक नहीं मिला। इसके साथ ही निगम कार्मिकों की पदोन्नति का मामला भी वर्ष 2016 से लटका हुआ है। आरोप लगाया कि आउटसोर्स एजेंसियां दूसरे प्रदेश के युवाओं से सांठगांठ कर उनको मनचाहा रोजगार मुहैया करा रही है, जबकि प्रदेश के होनहार ठोकरें खाने और पलायन को मजबूर हैं।

# जिन बच्चों ने अभिभावकों को खोया, सरकार उनकी मदद करेंगी

**वात्सल्य योजना**

■ मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के तहत देहरादून की तीन छात्राओं को प्रदान किये चेक

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के तहत मुख्यमंत्री आवास में महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून की तीन छात्राओं को चेक प्रदान किये। मुख्यमंत्री द्वारा कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग की तृतीय वर्ष की छात्रा कु. गरिमा शर्मा को 01 लाख 70 हजार 950 रुपये का चेक प्रदान किया गया। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की चतुर्थ वर्ष की छात्रा कु. अलविना खानम को 56 हजार 100 रुपये का चेक प्रदान किया गया। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की चतुर्थ वर्ष की छात्रा कु. शिप्रा नेगी को 27 हजार 500 रुपये का चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के तहत इन छात्राओं का 01 मार्च 2020 से 31 मार्च 2022 की अवधि का लिया गया शुल्क महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून द्वारा वापस किया गया है। भविष्य में भी संस्थान द्वारा इन छात्राओं से कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा 02 अगस्त 2021 को कोविड–19 में अपने अभिभावकों को खोने वाले बच्चों के लिए मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना शुरू की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में जिन बच्चों ने अपने अभिभावकों को खोया, इस कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता, लेकिन सरकार का प्रयास है कि इन बच्चों की जो भी मदद हो सकती है, वह राज्य सरकार करेगी।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, निदेशक महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून प्रो. आर.पी.एस. गंगवार, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अंकुर दुम्का भी मौजूद थे।

### आप आज से शुरू करेगी विजय शंखनाद यात्रा

**संवाददाता** देहरादून। 2022 आम आदमी पार्टी आज से विजय शंखनाद यात्रा शुरू करने जा रही है। इस यात्रा की शुरुआत कुमाऊं की चार विधानसभाओं से होगी। यहां पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात कर आगामी चुनाव की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान पार्टी प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया बैठक भी करेंगे। उत्तराखंड में मिशन 2022 को फतह करने के लिए भाजपा–कांग्रेस समेत सभी दलों ने अपनी–अपनी तैयारियों को धार देना शुरू कर दिया है। आम आदमी पार्टी भी जनता के बीच पैठ बनाने में जुटी हुई है। इसी कड़ी में पार्टी शंखनाद यात्रा शुरू करेगी। बुधवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में आप प्रवक्ता रविंद्र आनंद ने बताया कि प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया आज से विजय शंखनाद यात्रा की शुरुआत करेंगे, जो कुमाऊं की चार विधानसभाओं से शुरू होगी। मोहनिया आज गंगोलीहाट पहुंचेंगे।






**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।